गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही : सचिव

पटना (आससे)। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल की अध्यक्षता में राज्य के सभी स्टेट हाईवे, जिला स्तरीय सड़क, BRPNLL, BSRDCL एवं एनएच के अधीन सड़कों और पुल-पुलियों की वर्तमान स्थिति का सटीक आकलन करने, आवश्यक सुधारात्मक कारखाई करने तथा त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करने हेतु उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि राज्य में पथों का आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई तथा त्वरित मरम्मत हेतु प्रमंडलवार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त निरीक्षण टीम गठित की जाएगी। प्रत्येक टीम में जिलाधिकारी द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि एवं विभागीय अभियंता शामिल रहेंगे। बैठक में सचिव महोदय ने



निदेशित किया कि संबंधित कार्यपालक अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों की सड़कों की सूची जिला पदाधिकारी को शीघ्र उपलब्ध कराएं। साथ ही, पथवार एवं तिथिवार एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगले 14 कार्य दिवसों के भीतर सड़कों का स्थल निरीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र में अपनी विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट MIS पोर्टल पर अपलोड करवाएं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए स्थल निरीक्षण की रिपोर्ट, तस्वीरों और विस्तृत विवरण के साथ MIS पोर्टल पर अपलोड करें। संयुक्त सचिव एवं मुख्य अभियंता को मुख्यालय स्तर से सतत मॉनिटरिंग हेतु निदेशित किया गया। सचिव महोदय ने बताया कि विभागीय स्तर पर दैनिक अनुश्रवण के लिए एक विशेष डैशबोर्ड भी तैयार किया गया है। संबंधित अभियंताओं को नियमित रूप से अपडेट करने का निदेश दिया गया।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

वजीरगंज/मानपुर (आससे)। गया-राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग-82 पर वजीरगंज के खिरियावां मोड़ के पास गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार रंजीत चौहान (27) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लालजीत चौहान (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मानपुर प्रखंड के जहाना उसरी गांव के निवासी थे।

घायल को पुलिस की 112 टीम ने वजीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रपहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकोंने मगध मेडिकल अस्पताल गया रेफर कर दिया । हादसे से आक्रोशित ग्रामीणोंने मुआवजे और वाहन की पहचान की मांगको लेकर सड़क जाम कर दिया।

पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर रेल जन संवाद

(आज समाचार सेवा)

पटना। यात्रियों की समस्याओं को जानने और रेल सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से गुरुवार को पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर रेल जन संवाद का आयोजन किया गया। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर विशेष अभियान 6 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, प्रधान विभागाध्यक्षों और विभिन्न मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं, सुझाव और यात्रा संबंधी अनुभव जाने। पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और धनबाद के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशनों पर रेल जन संवाद आयोजित किया गया। अधिकारियों और रेलकर्मियों ने स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया और प्रतीक्षालयों में यात्रियों से बातचीत की। संवाद के दौरान यात्रियों से स्टेशन परिसर की साफ सफ ाई, पेयजल की उपलब्धता, बैठने की व्यवस्था, प्रतीक्षालयों की स्थिति और प्लेटफ ॉर्म पर मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया गया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों की अपेक्षाओं को समझकर सुविधाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाना है।

रेलवे बोर्ड की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसारए कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों और सुझावों को दर्ज कर उनके निराकरण के लिए कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। शिकायतों की प्रकृति के अनुसार त्वरित समाधान वाले मामलोंए संबंधित विभागों के समन्वय से निपटाए जाने वाले विषयों और उच्च स्तर पर विचार किए जाने वाले मामलों की पहचान की जाएगी। प्राप्त फीडबैक और उस पर की गई अथवा प्रस्तावित कार्रवाई का रिकॉर्ड भी रखा जाएगा ताकि यात्रियों के सुझावों के आधार पर सुविधाओं में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। रेल जन संवाद के दौरान यात्रियों ने अधिकारियों के सीधे उनके बीच पहुंचकर समस्याएं सुनने की पहल की सराहना की। यात्रियों ने उम्मीद जताई कि उनके सुझावों पर कार्रवाई होने से स्टेशन की सुविधाओं और रेल यात्रा के अनुभव में सुधार होगा।

एसपी ग्रामीण ने सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

(निज प्रतिनिधि)

पटना ।गुरूवार को बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के दृष्टिगत सुश्री कोमल मीणा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पटना द्वारा बाढ़ एवं फतुहा अनुमंडल क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया तथा विभिन्न मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया ।इस दौरान मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं सुरक्षा से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया गया ।मौके पर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी बनाए रखने, निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए ।पटना पुलिस शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुरक्षित निर्वाचन संपन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

जमीन विवाद में युवक की संदिग्ध मौत

मोतिहारी (आससे)। शहर के बेलवनवा मोहल्ले में किराये के मकान में रह रहे 31 वर्षीय युवक सुशांक कुमार साह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुधवार, 21 अक्टूबर की रात करीब 11ः04 बजे उसका शव मकान में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतक की मां अनीता देवी ने इस मामले में अपनी बहू, समधी-समधन समेत छह नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने जमीन की खरीद-बिक्री के रुपये को लेकर विवाद, प्रताड़ना, मारपीट और घर से नकदी व सोना गायब होने का भी आरोप लगाया है।

हार्डिंग पार्क में बन रहे पांच प्लेटफॉर्म वाले टर्मिनल का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

निर्माण कार्यों की बाधाएं दूर करने के निर्देश

पटना (आससे)। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने गुरुवार को पटना जंक्शन के समीप हार्डिंग पार्क में निर्माणाधीन पांच प्लेटफ ॉर्म वाले टर्मिनल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और फेज 1 के तहत कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिए।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फेज 1 में बनने वाली बिल्डिंग और अन्य स्थायी संरचनाओं का निर्माण भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि फेज 2 के निर्माण के दौरान पहले से निर्मित संरचनाओं में किसी तरह के बदलाव की आवश्यकता नहीं पड़े। उन्होंने निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से कार्यों की जानकारी ली। हार्डिंग पार्क में पांच टर्मिनल प्लेटफॉर्म के निर्माण से पटना जंक्शन पर ट्रेनों के परिचालन को अधिक व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। इससे ट्रेनों की शेड्यूलिंग और टर्नअराउंड क्षमता में सुधार होगा तथा परिचालन दक्षता बढ़ने के साथ रेल यातायात के दबाव को कम किया जा सकेगा। नया टर्मिनल चालू होने पर पटना जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ में कमी आने की उम्मीद है। साथ ही मुख्य रेल लाइन पर मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन अधिक सुगम हो सकेगा। इस टर्मिनल की एक प्रमुख विशेषता सभी प्लेटफॉर्म के बीच भूमिगत कनेक्टिविटी होगी। इसके अतिरिक्त टर्मिनल को निर्माणाधीन मेट्रो रेल परियोजना, सड़क मार्ग और नवनिर्मित मल्टी मॉडल हब से सीधे जोड़ने की योजना है। इससे यात्रियों को रेलए मेट्रो और सड़क परिवहन के बीच आवागमन में सुविधा मिलेगी। हार्डिंग पार्क में विकसित हो रहा यह टर्मिनल पटना की बढ़ती यात्री जरूरतों को पूरा करने और रेलवे की परिचालन क्षमता मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

पोर्टल की खामियों से वेतन भुगतान में गड़बड़ी

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन) संघ ने शिक्षा विभाग के जिला और प्रखंड स्तरीय कार्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए तकनीकी खामियां दूर करने, भुगतान प्रणाली की सुरक्षा जांच कराने और ओटीपी आधारित सत्यापन सुनिश्चित करने की मांग की गयी है। संघ ने कहा है कि एचआरएमएस सिस्टम

शिक्षा सेवा संघ ने विभाग की समस्याओं पर उठायी आवाज

सचिव को 15 सूत्री मांगपत्र सौंपा है। संघ ने एचआरएमएस-सीएफएमएस पोर्टल की तकनीकी खामियां दूर करने, वेतन भुगतान की प्रक्रिया सरल बनाने और कार्यालयों में पर्याप्त कर्मियों की तैनाती की मांग की है। ज्ञापन में भागलपुर के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शशि चंदन चौधरी और जिला शिक्षा पदाधिकारी चंदन कुमार के निलंबन का मामला भी उठाया गया है। संघ ने ज्ञापन में एचआरएमएस-सीएफएमएस की में अनेक प्रकार की तकनीकी समस्याओं का सामना किया जाता है। अवैध निकासी का मुख्य कारण इस सॉफ्टवेयर में खामियां थीं। निर्धारित मूल वेतन के विरुद्ध सैकड़ों प्रतिशत शहरी आवास भत्ता एवं नगर परिवहन भत्ता का विकल्प मौजूद होने के कारण यह घटना घटी है। साथ ही सीएफएमएस में भुगतान की प्रक्रिया में भी एप्रुव के स्तर पर कोई ओटीपी नहीं लिया जाना भी एक कारण है।

जलकुंभी बनेगी मछुआरों की आर्थिक समृद्धि का आधार : कश्यप

पटना (आससे)। बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ (कॉफेड) के तत्वावधान में गुरुवार को मीन भवन सभागार, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड में जलकुंभी हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कॉफेड के वेस्ट टू वेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य जलाशयों में पायी जानेवाली जलकुंभी को उपयोगी एवं मूल्यवर्धित हस्तशिल्प उत्पादों में परिवर्तित कर मछुआरा समुदाय के लिए स्वरोजगार एवं अतिरिक्त आय के नए अवसर विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान घोषणा की गयी कि २४ अक्टूबर से नालंदा जिले की



परवलपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति से जलकुंभी हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से कॉफेड के सदस्यों को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

इस अवसर पर कॉफेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि कॉफेड का उद्देश्य पारंपरिक मत्स्यपालन के साथ-साथ मछुआरा परिवारों को आय के वैकल्पिक साधनों से प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

नीरज कुमार से मिले नीतीश कुमार

विजयी होने का दिया आशीर्वाद

पटना (आससे)। जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राजवंशी नगर, बेली रोड स्थित नीरज कुमार के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान नीतीश कुमार ने बेहद आत्मीयता और अपनत्व के साथ उनका एवं उनके परिवारजनों का हालचाल पूछा तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नीरज कुमार को इलाज कर रहे डाक्टरों की सलाह मशविरा से अपनी चुनावी रणनीति पर कार्य करने का सुझाव



देते हुए विजयी होने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विधानपरिषद में सत्तारुढ़ दल के उपनेता सह विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ भी मौजूद रहे।

'भविष्य की नौकरियों के लिए युवाओं में कौशल विकास' पर राष्ट्रीय सेमिनार नालंदा कॉलेज में 3-4 को

पटना (आससे)। आगामी 3 एवं 4 नवंबर, 2026 को ऐतिहासिक नालन्दा कॉलेज बिहारशरीफ में द्विदिवसीय नेशनल सेमिनार आयोजित होगा। 'स्किलिंग यूथ फॉर फ्यूचर जॉब्स' (भविष्य की नौकरियों के लिए युवाओं को कौशल प्रदान करना)' पर आधारित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिल्ली, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश उड़ीसा, झारखंड, बिहार सहित अनेक राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वान शिक्षक - छात्र शिरकत करेंगे। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी 'भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक विज्ञान अनुसंधान (आईसीएसएसआर)' द्वारा सम्पोषित सेमिनार में कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता, डिजिटल तकनीक, शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और भविष्य की नौकरियां, उद्यमिता, नवाचार एवं समावेशी विकास, तथा भविष्योपयोगी कौशल, हरित अर्थव्यवस्था और रोजगार नीतियों जैसे प्रमुख विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अंतर्गत उच्च शिक्षा और रोजगार, उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप, ग्रामीण उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, संचार कौशल, आलोचनात्मक चिंतन और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण उप-विषय शामिल हैं। प्राचार्य प्रो सिन्हा ने बताया कि सेमिनार की संयोजक डॉ संगीता कुमारी एवं ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ ध्रुव कुमार बनाए गए हैं। सेमिनार में शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले इच्छुक प्रतिभागियों के लिए सारांश (एब्सट्रैक्ट) भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर तथा पूर्ण शोध-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि एक नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी अपना सारांश एवं शोधपत्र icssrncw @gmail.com पर भेज सकते हैं। विस्तृत जानकारी नालंदा कॉलेज की वेबसाइट www.nalandacollege.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

आर्म्स एक्ट मामले में युवक गिरफ्तार

खिजरसराय (ससू)। नीमचक बथानी थाना क्षेत्रमें आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस ने गुरुवार को विक्रम कुमार को गिरफ्तार किया। विक्रम कमालपुर टोला, बथान शेर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को सूचना मिली थी कि मामले का आरोपी अपने दो साथियों के साथ करू बिगहा बाजार में एक दुकान के पास खड़ा है। पुलिस टीम को देखते ही तीनों भागने लगे।

एनआईओएस की सेकेंडरी-प्लसटू की परीक्षा शुरू

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की सेकेंडरी और प्लस-टू की सैद्धांतिक परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गयी। यह परीक्षा सात दिसंबर तक चलेगी। य राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की अक्तूबर-नवंबर, 2026 सत्र की परीक्षा है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजीव प्रसाद ने परीक्षार्थियों से कहा है कि परीक्षा में शामिल होने के लिए शिड्यूल का अनुपालन करें।

कर वसूली पूरी, कचरा उठाव बदहाल : विनय पप्पू

खराब वाहनों के बीच स्वच्छता अभियान की सफलता पर उठाये सवाल

पटना (आससे)। पटना नगर निगम के पूर्व उप महापौर एवं वार्ड संख्या-28 के पार्षद विनय कुमार पप्पु ने 25 अक्टूबर से 10 नवंबर तक चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शहर के कई वार्डों में कचरा उठाव करने वाले वाहन खराब पड़े हैं। ऐसे में पर्याप्त चालू गाड़ियों और वैकल्पिक व्यवस्था के बिना स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का संकल्प महज कागजी खानापूर्ति साबित हो सकता है। नगर निगम के कार्यालय आदेश पत्रांक 17130, दिनांक 21 अक्टूबर 2026 के तहत प्रस्तावित अभियान पर प्रतिक्रिया देते हुए पप्पु ने कहा कि संकल्प और आदेश जारी करना आसान है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था में सुधार करना असली चुनौती है। खराब वाहनों की तत्काल मरम्मत और वैकल्पिक गाड़ियों की व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना अभियान की सफलता की उम्मीद करना उचित नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब नागरिकों से नियमित रूप से संपत्ति कर वसूला जा रहा है और अलग से कचरा शुल्क भी लिया जा रहा है, तो उन्हें नियमित कचरा उठाव और स्वच्छ वातावरण क्यों नहीं मिल रहा है? उन्होंने कहा कि जनता से कर और शुल्क वसूलना नगर निगम का अधिकार है, लेकिन इसके बदले नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उसकी जिम्मेदारी है। पप्पु ने महापौर से पूछा कि नगर निगम के कितने वार्डों में कचरा उठाव करने वाले वाहन खराब या पूरी तरह बंद पड़े हैं? इनकी मरम्मत और वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था के लिए क्या कार्ययोजना बनाई गई है? नियमित कचरा उठाव नहीं होने की जिम्मेदारी किसकी है? उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान की सफलता अधिकारियों की रिपोर्ट और आंकड़ों से नहीं, बल्कि सड़कों, गलियों और मोहल्लों में वास्तविक सफाई से तय होनी चाहिए। महापौर को चुनिंदा वार्डों में नाली-गली के निरीक्षण के साथ पूरे शहर में कचरा उठाव की स्थिति और खराब वाहनों की समस्या पर भी ध्यान देना चाहिए। पप्पु ने मांग किया कि खराब एवं बंद पड़े वाहनों की तत्काल मरम्मत कराई जाए।

महिला जागरण एवं बाल कल्याण संस्थान ने किया चार दिवसीय पटना कलम कार्यशाला का आयोजन

(निज प्रतिनिधि)

पटना। महिला जागरण एवं बाल कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित चार दिवसीय 'पटना कलम कार्यशाला' का विधिवत उद्घाटन कला एवं शिल्प महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती राखी कुमारी, वरिष्ठ चित्रकार श्री जितेंद्र मोहन, श्रीमती अर्चना कुमार तथा सुप्रसिद्ध उद्घोषक श्री अमित पाराशर एवं सुश्री श्वेता सुरभि के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में 14 वरिष्ठ एवं नवोदित कलाकारों ने भाग लिया। चार दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी ने पटना कलम चित्रकला शैली पर आधारित दो-दो चित्र तैयार किए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पटना की ऐतिहासिक एवं पारंपरिक चित्रकला शैली को संरक्षित करना, नई पीढ़ी के कलाकारों को इससे



परिचित कराना तथा इस विलुप्तप्राय कला को पुनर्जीवित करने की दिशा में सार्थक प्रयास करना रहा। कार्यशाला के अवसर पर कला एवं शिल्प महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती राखी कुमारी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन विलुप्त होती जा रही पारंपरिक कला को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजनों से पटना कलम चित्रकला को नई पहचान मिलेगी और भविष्य में यह कला और अधिक व्यापक रूप में उभरकर सामने आएगी ।इस अवसर पर सुप्रसिद्ध उद्घोषक श्री अमित पाराशर ने कहा कि महिला जागरण एवं बाल कल्याण संस्थान की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। इस कार्यशाला के माध्यम से वरिष्ठ एवं नवोदित कलाकारों को एक साथ आने और अपनी कला एवं अनुभव साझा करने का अवसर मिला.उन्होंने कहा कि पटना कलम जैसी ऐतिहासिक चित्रकला शैली, जो धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है, उसे पुनर्जीवित करने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की विशेष आवश्यकता है। कार्यशाला में प्रतिभाशाली कलाकारों की सहभागिता उत्साहजनक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस तरह के प्रयासों से पटना कलम को नया जीवन मिलेगा तथा इसकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा ।इस चार दिवसीय कार्यशाला में श्री मनोज कुमार बच्चन, सुश्री निशी सिंह, श्रीमती अर्चना कुमार, श्री विनीता सिन्हा, श्री जितेंद्र मोहन, सुश्री उपासना दत्त, श्री प्रश्रय पाराशर, श्री रूपेश कुमार, सुश्री सोनाली कुमारी, सुश्री पल्लवी ठाकुर, श्री सुधीर कुमार,सुश्री निकिता कुमारी एवं श्री संतोष कुमार ने प्रतिभागियों के रूप में हिस्सा लिया।

वर्गीकृत

AFFIDAVIT

I, Tananu Yadav alias Tugu Yadav s/o Rajendra Yadav R/o Moh. Maranpur, Khatkachak Road, P.s. Vishnupad, Dist. Gaya (Bihar) declare vide affidavit 40821/ 16.10.26 that My name is Tugu Yadav which is mentioned in my Lic Policy no. 517598065. Also my name is Tananu Yadav which is mentioned in my adhar card 9407 1941 4851, Pan Card no. BTBPY0232R and bank passbook. Both names Tugu Yadav and Tananu Yadav indicate same person, so I am swearing this affidavit.

खोया-पाया

मैं राजू कुमार झा, पिता बलराम झा, मलाड, थाना-किशनपुर, जिला- सुपौल का स्थाई निवासी हूँ। मैं अभी HDFC Bank, किशनगंज में कार्यरत हु। मेरे द्वारा ब्लू डार्ट कुरियर (पीओडीए 17674150605) के माध्यम से सीबेक कुमार सिंहा, जिसका आईडी संख्या- 260466320710950 भेजा गया था, लेकिन कुरियर के दौरान ये आईडी कार्ड कहीं गुम हो गया है, काफी खोजबीन करने के बाद भी आईडी कार्ड का पता नहीं चल पाया है। जिनको भी यह मिले कृपया मोबाइल नंबर 8789314784 पर संपर्क करें। इसके लिए मैं सदा आभारी रहूँगा। सनहा नंबर-1129/26, दिनांक-16/10/26,आदर्श थाना, किशनगंज।

शपथ-पत्र

मैं, छाया पाण्डेय उर्फ छाया रानी, पति-प्रणव विवेक, सुपुत्री श्री राम नरेश तिवारी निवासी-अम्बालय, गरीब स्थान रोड, मुजफ्फरपुर, बिहार- 842001, की स्थायी निवासी हुँ, शपथ पत्र सं.-**818**, दिनांक-**12.10.2026** के द्वारा घोषणा करती हुँ, कि मेरे शैक्षणिक सर्टीफिकेट में मेरा नाम छाया रानी है और मेरे आधार कार्ड/पैन कार्ड एवं वोटर आईडी में छाया पाण्डेय है, मैं छाया पाण्डेय और छाया रानी दोनों एक ही महिला हुँ, भविष्य में अब मैं **छाया पाण्डेय** के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊँगी।

नाम परितर्वन

मैं, हसरत खातून, पति-मो. अफजल खां, निवास ग्राम-मखदुमकुण्ड क्षेत्र राजगीर, पो.+ थाना-राजगीर, जिला-नालंदा (बिहार)। शपथ पत्र सं.-1803 ता. 27. 8.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री का नाम तहजीव खातून (Thajiva Khatun), आधार कार्ड में गलत अंकित है। मेरी पुत्री का सही नाम तेहजीब खातून (Tehzeeb Khatun) है जो सही है।

शपथ पत्र

मैं, द्रौपदी देवी (Draupadi Devi) पति जवाहिर, ग्राम-ओड़ियाचक पो.-बुधौल, थाना-कासमा, जिला-औरंगाबाद, बिहार, शपथ पत्र सं.-30609 दि. 21.10.26 द्वारा सूचित करती हूं कि मेरे पति के पी.पी. ओ. में मेरा नाम द्रौपदी देवी अंकित है आधार कार्ड सं.-407790917651 में भूलवश देवपतिया देवी (Devpatiya Devi) तथा जन्म तिथि 01.01.1950 दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम द्रौपदी देवी एवं जन्म तिथि 12.05.1952 है। जो मेरे पति के सर्विस बुक में अंकित है।

नाम परितर्वन

मैं, मो. आसिफ खान (Md Asif Khan) पिता मो. इसरार खान निवास तुर्कपुरवा पो.-महदाह थाना मुफ्फसिल जिला-बक्सर शपथ पत्र सं. 2021 ता. 30.10.26 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम मो. आसिफ खान है जो सही है। मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम-आसिफ खान एवं मेरे पिताजी का नाम-इसरार खान अंकित हो गया है जो गलत है। मेरा सही नाम मो. आसिफ खान (Md Asif Khan) एवं मेरे पिताजी का सही नाम मो. इसराफ खान (Md Israf Khan) है।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

AFFIDAVIT

I, Gita Devi alias Babita Devi w/o Late Sudhir Manjhi R/O Vill. Rasuna, P.s. Buniyadganj, Dist. Gaya (Bihar) declare vide affidavit 40495/13.10.26 that My name is Babita Devi which is mentioned in my husband Lic Policy no. 518707803 as a nominee. Also my name is Gita Devi which is mentioned in my adhar card 9336 7305 4490, Bank account no. 447518210011846 Bank of india, Gaya and my husband death Certificate D20261090340004743. Both names Gita Devi and Babita Devi indicate same person, so I am swearing this affidavit.

नाम परिवर्तन

मैं, अब तक रामाजी यादव पुत्र बहारन यादव के नाम से जाना जाता हूं। मैं ग्राम हिरान्दा, पो.-मनिआरा, थाना-कुचायकोट, जिला-गोपालगंज (बिहार) (घर का पता) पर रहता हूं। मैं अपना नाम बदल लिया है और इसके बाद मैं रमेश यादव पिता बहारन यादव ग्राम हिरान्दा, पो. -मनिआरा, थाना-कुचायकोट, जिला-गोपालगंज (बिहार) से जाना जाऊंगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं को अनुपालन किया है। शपथ पत्र सं. 146/16.10.26
9/614/26

Change Name

I, Ujjwal Kumar S/o Nagendra Singh, R/o vill.-Kaithi, Kachhawa, Rohtas-821309 vide Affidavit No. 16936 date 29.10.26 declare that in my Policy Generali central life insurance com. Ltd. Policy No. 01037823 my date of Birth has been mentioned as 10.12.2007 and my name is Ujala Kumar which is wrong. My correct date of Birth is 5.9.2005 and my correct name is Ujjwal Kumar.
CM-923

Affidavit

I, Ehteshamul Haque Hashmi, aged about 55 years, son of Late Syed Anwarul Haque, resident of vill.+P.O.+P.S.-Daudpur, District-Saran, Bihar-841205, Aadhar No.-559830410485 do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That Safa Hashmi is my daughter. 2. That in her Aadhar card her name has been wrongly mentioned as SAF A ENTESHAM. 3. That my daughter correct name is Safa Hashmi. 4. That now my daughter will known as Safa Hashmi for all purposes.
CM-935

रामपुर खरेया प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड

प्रखंड कुचायकोट, जिला-गोपालगंज, निबंधन संख्या-147 (गो.), दिनांक 06.08.2008

आवश्यकता है

रामपुर खरेया पैक्स (कुचायकोट) में प्रबंधक के एक पद हेतु भर्ती होनी है। आवेदन की तिथि 23.10.2026 से 07.11.2026 तक निर्धारित है। **उम्र सीमा :** 18 से 45 वर्ष, **योग्यता :** स्नातक+टैली, **मानदेय :** सेवा नियमावली के अनुसार। **सेवा शर्तें :** पैक्स कार्मिक नियमावली के अनुसार। **आवेदन :** रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से या पैक्स कार्यालय, रामपुर खरेया में जमा किया जा सकता है।

ह./-
पैक्स अध्यक्ष
मोबाइल नंबर : 9955682178
9/614/26

शपथ पत्र

मैं विनोद कुमार वल्द स्व. नगीना प्रसाद सा.- दामोदरपुर, पो.- कोरावाँ, थाना-चिकसौरा, जिला- नालंदा, पिन- 801302 का निवासी हूं, शपथ-पत्र संख्या -17586 दिनांक-15-10-2026 के माध्यम से घोषणा करता हूं कि मेरा जन्म तिथि -10-3-1974 हैं, मैं पूर्व में विनय कुमार उर्फ विनोद कुमार दोनो नामों से अपने गाँव जेवार पंचायत में जाना जाता था परन्तु अब मै सिर्फ एक ही नाम विनोद कुमार से जाना व पहचाना जाउंगा।

शपथ पत्र

मैं गोरख सिंह, पिता-राम वचन सिंह, ग्राम+पोस्ट-जमोढी, थाना-पीरो, जिला-भोजपुर का निवासी हूँ। आधार कार्ड व बैंक खाता में मेरा नाम गोरख सिंह दर्ज है। जबकि एलआइसी पॉलिसी संख्या-519019086 में मेरा नाम राज किशोर सिंह दर्ज है। गोरख सिंह और राज किशोर सिंह दोनों नाम मेरा ही है। शपथ पत्र संख्या-15/2.9.26
9/482/26

शपथ पत्र

मैं, ललिन्द्र कुमार पिता-कमल दास, ग्राम-गौरीपुन्दह, पो.-फतुहा, थाना-फतुहा, जिला-पटना बिहार, शपथ पत्र सं. 6372 दि. 21.10.26 द्वारा यह सूचित करता हूं कि मेरे आधारकार्ड एवं अंक प्रमाण पत्र में मेरा नाम ललिन्द्र कुमार अंकित है। मेरे दूसरे आधारकार्ड में ललिन्द्र रविदास अंकित है, जो गलत है। मेरा आधार सं. 357228652917 है। आज से मैं ललिन्द्र कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

शपथ पत्र

मैं, रंजीत कुमार यादव उर्फ धनजी सिंह, पिता-वृदा यादव साकिन+पो.-हेतमपुर थाना-तियर भोजपुर बिहार शपथ पत्र सं. 3755 दि. 01.04.19 सूचित करता हूं कि मेरे आधारकार्ड सं. 633565969960 में मेरा नाम रंजीत कुमार यादव है। मेरे एसबीआई खाता सं. 31301834253 में धनजी सिंह है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो मैं स्वयं हूं। मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं।

शपथ पत्र

मैं, खुर्शीद आलम, पिता-स्व. म. अली इमाम ग्राम+पो.-चुड़ी मुहल्ला वार्ड नं.-08 मीरगंज, जिला-गोपालगंज बिहार शपथ पत्र संख्या-46862 दिनांक 16.09.2026 के द्वारा घोषणा करता हूं कि खुर्शीद आलम उर्फ खुरसेद अनवर दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता हूं तथा मेरे पिता स्व. म. अली इमाम उर्फ अली इमाम दोनों नामों से जाने एवं पहचाने जाते हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 826123778 में मेरा नाम खुर्शीद आलम है जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खाता में मेरा नाम खुरसेद अनवर है।
9/600/26